त्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री

लखनऊः 1 नवम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की। राज्यपाल के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा, मुजफ्फरनगर और वाराणसी में 'गीत रामायण' आयोजित करने को सहमति प्रदान कर दी है।

ज्ञातव्य है कि इस वर्ष जी0डी0 माडगुलकर और सुधीर फड़के का जन्म शताब्दी वर्ष होगा। 'गीत रामायण' के कार्यक्रम में आधुनिक वाल्मीकि के नाम से प्रख्यात मराठी साहित्यकार स्वर्गीय जी0डी0 माडगुलकर की रचना का संचालन उनके पुत्र श्री आनन्द माडगुलकर करेंगे तथा प्रख्यात मराठी गायक स्वर्गीय श्रीधर के पुत्र श्री सुधीर फड़के गायन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बीच हुये सांस्कृतिक अनुबंध के तहत वाराणसी में 10 एवं 11 जनवरी 2019, आगरा में 13-14 जनवरी 2019 तथा मुजफ्फनगर में 15-16 जनवरी 2019 को किया जायेगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (422/3)